संस्करण 1.4 (07/07/17)

# अंतिम उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंध

**समाधान का उपयोग करने से पहले कृपया इस अंतिम उपयोगकर्ता लाइसेंस अनुबंध ("*अनुबंध*") के नियमों और शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें (जैसा की नीचे वर्णित है)। समाधान ब्रांडेड "AVAST", AVG Netherlands BV (नीदरलैंड के कानूनों के अंतर्गत निर्मित कंपनी) के संदर्भ में, समाधान ब्रांडेड "AVG" या Privax Limited (इंग्लैंड और वेल्स के कानूनों के तहत निर्मित कंपनी) के संदर्भ में, समाधान ब्रांडेड "HIDE MY ASS!" या "HMA!" के संदर्भ में यह Avast Software s.r.o. (चेक गणराज्य के कानूनों के तहत निर्मित कंपनी) के साथ कानूनी बाध्यकारी अनुबंध है। (Avast Software s.r.o., AVG Netherlands BV और Privax Limited, जैसा लागू हो, व्यक्तिगत रूप से "*विक्रेता*" हैं)। इलेक्ट्रॉनिक रूप से सहमति प्रदान कर, समाधान को इंस्टॉल करके या समाधान का उपयोग करके आप अपनी ओर से और किसी भी इकाई या व्यक्ति के लिए, जिसका आप प्रतिनिधित्व करते हैं या जिसके डिवाइस के लिए आपने विक्रेता से समाधान अधिगृहीत किया है, (सामूहिक रूप से "*आप*") इस अनुबंध के नियमों और शर्तों को स्वीकृत करते हैं। यदि आप अनुबंध के नियम और शर्तों से सहमत नहीं हैं, तो स्थापना प्रक्रिया जारी न रखें और आपके आधिपत्य में जो समाधान है उसकी सभी प्रतिलिपयाँ हटाएँ या नष्ट करें।**

यह अनुबंध आपके द्वारा विक्रेता (प्रत्येक, "*एक समाधान*") और कोई भी संबंधित दस्तावेज़ीकरण द्वारा प्रदत्त विशिष्ट सॉफ़्टवेयर या सेवाओं (जिसमें इसके अलावा कोई भी अपग्रेड या अपडेट शामिल हैं) के उपयोग से संबंधित है। इस अनुबंध में, "*दस्तावेज़ीकरण*" का अर्थ कोई भी उपयोगकर्ता मैन्युअल और निर्देश है जो विक्रेता द्वारा समाधान के साथ प्रदान किया जाता है; और "*लागू शर्तों*" का अर्थ सामूहिक रूप से सदस्यता अवधि के साथ डिवाइस के प्रकार, डिवाइस की अनुमत संख्या, धारा 2 द्वारा वर्णित अन्य सीमाएँ, दास्तावेज़ीकरण या लेन-देन संबंधी दस्तावेज़ों की सामूहिक सेवा अवधि है, जिसके तहत आपने समाधान अधिगृहीत किया है। यह अनुबंध उस किसी भी अनुबंध का अधिक्रमण करता या स्थान लेता है जो आपने समाधान के पिछले संस्करण के संदर्भ में दाखिल किया था।

विक्रेता इस अनुबंध के अनुसार आपको प्रदान की गई सूचना के आधार पर कभी भी इस अनुबंध में संशोधन कर सकता है और आपके द्वारा सूचना तिथि से कम से कम 30 दिनों के पश्चात् किसी समाधान का उपयोग जारी रखने या उसके लिए धन-वापसी की मांग न करने का निर्णय लेने को इस अनुबंध के संशोधन के प्रति आपकी स्वीकृति मानी जाएगी। विक्रेता के लिए आवश्यक हो सकता है कि पूर्व में आपके द्वारा खरीदे गए समाधानों का उपयोग जारी रखने के लिए इस अनुबंध के संशोधन को आप स्वीकार करें। यदि आप इस अनुबंध में किए गए संशोधन को स्वीकार करने से मना करते हैं, तो विक्रेता प्रभावित समाधानों के आपके उपयोग को समाप्त कर सकता है, जिस स्थिति में आप निम्नलिखित https://www.avast.com/en-us/faq.php?article=AVKB24#idt_0440 (जहाँ विक्रेता Avast Software s.r.o) या https://support.avg.com/SupportArticleView?l=en&urlName=What-is-AVG-refund-policy (जहाँ विक्रेता AVG Netherlands BV है) या www.hidemyass.com/legal/refunds (जहाँ विक्रेता Privax Limited है) पर निर्देशों का पालन करके समाधानों (सदस्यता अवधि जिसकी समय-सीमा समाप्त नहीं हुई है या अप्रयुक्त भाग के लिए स्थगन) के लिए शुल्क वापसी प्राप्त कर सकते हैं।

# 1. लाइसेंस

विक्रेता आपको समाधान का उपयोग करने के लिए एक गैर-अनन्य लाइसेंस और लागू शर्तों में इंगित सहमत अवधि के लिए दस्तावेज़ीकरण प्रदान करता है, जिसमें कोई भी विस्तार या नवीनीकरण शामिल हैं ("*सदस्यता अवधि*"), बशर्ते कि आप इस अनुबंध के नियमों और शर्तों से सहमत हों।

# 2. समाधान का अनुमत उपयोग

2.1. आप मोबाइल फ़ोन, स्मार्टफ़ोन, टेब्लेट, मोबाइल नेटवर्क उपकरण, अन्य मोबाइल डिवाइस (प्रत्येक, एक "*मोबाइल डिवाइस*"), पर्सनल कंप्यूटर, इंटरनेट-कनेक्टेड डिवाइस या समाधान से संगत अन्य डिवाइसों पर (प्रत्येक, जिसमें हर मोबाइल डिवाइस, "*डिवाइस*" शामिल है) उनकी सहमत संख्या ("*डिवाइस की अनुमत संख्या*") तक, जिसे लागू शर्तों में अनन्य रूप से इंगित किया गया, समाधान को इंस्टॉल और उपयोग कर सकते हैं या उनका समर्थन कर सकते हैं।

2.1.1. विक्रेता द्वारा कॉर्पोरेट, वाणिज्यिक या व्यावसायिक उपयोग (प्रत्येक, "*व्यावसायिक समाधान*") के लिए निर्दिष्ट समाधान, आपके या आपके सहयोगी (वे इकाइयाँ जो आपको नियंत्रित करती हैं, आपके द्वारा नियंत्रित होती हैं या आपके सामान्य नियंत्रण के तहत होती हैं) द्वारा आंतरिक व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए होते हैं। आपके सहयोगी द्वारा व्यावसाय समाधान के ऐसे किसी उपयोग की स्थिति में, आप अपने सहयोगी की ओर से इस अनुबंध का अनुपालन करने के लिए जिम्मेदार होंगे और सहयोगी द्वारा किए जाने वाले उल्लंघन को आपके द्वारा किया गया उल्लंघन माना जाएगा। इस अनुबंध के अंतर्गत विक्रेता के किसी भी दायित्व का स्वामित्व केवल आप पर होगा न कि आपके सहयोगी पर, जो इस अनुबंध के तहत व्यावसायिक अनुबंध का उपयोग करता है।

2.1.2. अन्य सभी समाधानों की स्थिति में (प्रत्येक, "*उपभोक्ता समाधान*"), आपके या आपके घर के सदस्यों द्वारा निजी, गैर-वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए उपयोग किया जाएगा।

2.2. आप समाधान की एक बैकअप प्रतिलिपि भी बना सकते हैं।

2.3. बशर्ते कि समाधान को केवल नेटवर्क उपयोग के लिए कॉन्फ़िगर किया गया हो, फिर भी आप एकल लोकल एरिया नेटवर्क पर निम्नलिखित में से केवल एक उद्देश्य (लेकिन दोंनो नहीं) के लिए आप एक या एक से अधिक फ़ाइल सर्वर्स पर समाधान को इंस्टॉल और उपयोग कर सकते हैं:

2.3.1. या तो हार्ड डिस्क पर या फिर अन्य संग्रहण डिवाइस पर डिवाइस की अनुमत संख्या तक समाधान का स्थायी इंस्टॉलेशन या

2.3.2. इस प्रकार के एकल लोकल एरिया नेटवर्क पर समाधान का उपयोग करना, बशर्ते कि विभिन्न डिवाइसों की संख्या, जिन पर समाधान का उपयोग किया जाता है, डिवाइस की अनुमत संख्या से अधिक न हो।

2.4. यदि आप समाधान का उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए करते हैं जिसे इस खंड द्वारा अधिकृत न किया गया हो या आप समाधान पुन: विक्रय करते हैं या इसका और अधिक वितरण करते हैं, तो इसे अनुबंध का उल्लंघन माना जाएगा और यह संभवत: लागू कॉपीराइट कानूनों का उल्लंघन कर सकता है।

# 3. अपग्रेड और अपडेट

विक्रेता, सदस्यता अवधि के दौरान समय-समय पर और, आपकी अलग से अनुमति और सहमति के बगैर, किसी समाधान के लिए और परिनियोजन के परिणामस्वरूप अपडेट परिनियोजित कर सकता है, और आप अपडेट के पूरी तरह इंस्टॉल या सक्रिय हो जाने तक लागू समाधान या उपकरण (या उपकरण के विशिष्ट फ़ंक्शन) के उपयोग में सक्षम नहीं हो सकते हैं। इस अनुबंध के अधीन सभी उद्देश्यों के लिए अपडेट को समाधान का एक भाग माना जाएगा। अपडेट में समाधान द्वारा प्रस्तुत किसी निश्चित सुविधा या कार्यात्मकता में कुछ जोड़ना और उससे कुछ निकालना, दोनों शामिल हो सकता है, या उसे पूरी तरह से प्रतिस्थापित कर सकता है, और ऐसे अपडेट की सामग्री, सुविधाओं और कार्यात्मकता को निर्धारित करना विक्रेता के विवेकाधिकार पर होता है। अपडेट को अस्वीकृत करने या विलंबित करने के विकल्प प्रस्तुत करने के लिए विक्रेता या आपके डिवाइस की आवश्यकता नहीं होती है, परंतु आपको समाधान से अधिकतम लाभ लेने के लिए सभी उपलब्ध अपडेट को डाउनलोड करने और उसके इंस्टॉलेशन की अनुमति देने की आवश्यकता हो सकती है। आपके द्वारा सभी अपडेट को स्वीकार करने और इंस्टॉल करने तक विक्रेता समाधान के लिए सहायता प्रदान करना रोक सकता है। विक्रेता स्वविवेक से निर्धारित करेगा कि कब और कहाँ अपडेट उपयुक्त रहेंगे और आपके लिए कोई भी अपडेट उपलब्ध कराने का उसका कोई दायित्व नहीं है। विक्रेता अपने विवेकाधिकार पर नवीनतम संस्करण के अलावा किसी अन्य संस्करण के लिए, या ऑपरेटिंग सिस्टम, ईमेल प्रोग्राम, ब्राउज़र प्रोग्राम और अन्य सॉफ़्टवेयर के संबंध में, जिसके साथ समाधान को संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, समाधान के उपयोग को समर्थन देने वाले अपडेट प्रदान करना रोक सकता है।

# 4. स्वामित्व अधिकार

4.1. समाधान और दस्तावेज़ीकरण विक्रेता की बौद्धिक संपत्ति हैं और लागू कॉपीराइट कानूनों, अंतर्राष्ट्रीय संधि प्रावधानों और जिस देश में समाधान का उपयोग किया जा रहा है उसके अन्य लागू कानूनों द्वारा संरक्षित है। संरचना, संगठन और समाधान का कोड मूल्यवान व्यापार रहस्य हैं और विक्रेता की गोपनीय जानकारी है। विक्रेता को समाधान के बारे में आपके द्वारा प्रदान की जाने वाली किन्हीं टिप्पणियों या सुझावों के दायरे तक, आप विक्रेता को हमारे वर्तमान और भावी उत्पादों या सेवाओं में इस प्रकार के किसी भी सुझावों या टिप्पणियों को धारित और उपयोग करने का अधिकार और लाइसेंस प्रदान करते हैं, इसके लिए आपको अतिरिक्त क्षतिपूर्ति नहीं की जाएगी और इस प्रकार के प्रतिधारण या उपयोग के लिए आपके अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

4.2. जैसा कि इस अनुबंध में वर्णित किया गया है उसके सिवाय, समाधान के संबंध में आपका कब्जा, इंस्टॉलेशन और उपयोग आपको समाधान या दस्तावेज़ीकरण में वर्णित किसी भी बौद्धिक संपदा अधिकारों पर कोई भी अधिकार या स्वत्वाधिकार प्रदान नहीं करता है। सभी संबंधित कॉपीराइट, पेटेंट, व्यापार रहस्य

अधिकार, ट्रेडमार्क और अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों सहित समाधान और दस्तावेज़ीकरण के संबंध में सभी अधिकार विक्रेता द्वारा आरक्षित हैं।

# 5. प्रतिबंध

5.1. आप समाधान या दस्तावेज़ीकरण की प्रतिलिपि नहीं बना सकते है या उसका उपयोग नहीं कर सकते हैं सिवाय उसके जिसे इस अनुबंध की धारा 2 में निर्धारित किया गया है। आप निम्न कार्य नहीं करेंगे, और किसी तृतीय पक्ष को भी नहीं करने देंगे: (i) समाधान के संबंध में विक्रेता द्वारा आपूरित कोई लाइसेंस नंबर, उपयोगकर्तानाम/पासवर्ड संयोजन या अन्य प्राधिकरण कोड या संख्या का उपयोग लागू शर्तों के अनुसार निर्दिष्ट से अधिक उपकरणों पर प्रयोग; (ii) विक्रेता या विक्रेता द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि के अतिरिक्त किसी भी अन्य पक्ष को लाइसेंस संख्या, उपयोगकर्तानाम/पासवर्ड संयोजन या अन्य प्राधिकरण कोड या संख्या का प्रकटन; (iii) कानून द्वारा स्पष्ट रूप से प्राधिकृत किए जाने के अलावा, (क) समाधान या समाधान के किसी भी हिस्से को रिवर्स इंजीनियर, डिसअसेंबल, डीकंपाइल, अनूदित, पुनर्निर्माण, रूपांतरित करना या निकालना (किसी भी संबंधित मैलवेयर हस्ताक्षरों और मालवेयर पहचान रूटीन समेत, किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं), या (ख) किसी भी समाधान में परिवर्तन, संशोधन या हेर-फेर (किसी भी संबंधित मैलवेयर हस्ताक्षरों और मैलवेयर पहचान रूटीन समेत, किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं); (iv) किसी समाधान को प्रकाशित, पुनः बिक्री, वितरित, प्रसारित, संचारित, व्यक्त, स्थानांतरित करना, बंधक रखना, किराए पर देना, साझा करना या उप-लाइसेंस प्रदान करना; (v) इस अनुबंध या लागू शर्तों द्वारा स्पष्ट रूप से अधिकृत किसी तृतीय पक्ष को समाधान तक पहुंच या उसके उपयोग का अधिकार सेवा ब्यूरो, समय सहभाजन, सदस्यता सेवा या एप्लिकेशन सेवा प्रदाता और अन्य समान आधार पर प्रदान करना; (vi) किसी समाधान का उपयोग कर ऐसे उत्पाद या सेवा को प्रदान या निर्मित करना जो समाधान से प्रतिस्पर्धा करना; (vii) किसी सामाधान का इस प्रकार से उपयोग करना जो विक्रेता की प्रकाशित की हुई स्वीकार्य उपयोग नीति का उल्लंघन करें; (viii) किसी ऐसे डेटा, जानकारी या सामग्री को अपलोड, संग्रहीत या प्रसारित करने के लिए किसी समाधान का उपयोग करना या उपयोग करने का प्रयास करना जो: तृतीय-पक्ष की बौद्धिक संपदा या अन्य अधिकारों का उल्लंघन करती हों, जिसमें गैर-कानूनी, हानिकारक, धमकी भरी, अपमानजनक, अपमानसूचक या अन्यथा आपत्तिजनक सामग्री हो; या अन्यथा वह किसी भी प्रकार से समाधान के संचालन को किसी भी तरीके से क्षतिग्रस्त, अक्षम या विकृत करे; (ix) किसी भी तरीके से किसी भी समाधान पर या उससे कनेक्ट किए हुए नेटवर्क पर या उस पर संग्रहीत सामग्री पर या उसके द्वारा वितरीत सामग्री पर अनधिकृत पहुँच प्राप्त करना या उस पर पहुँच प्राप्त करने का प्रयास करना, जिसमें हैकिंग, स्पूफ़िंग या किसी भी फायरवॉल या अन्य तकनीकी या अन्य सुरक्षा या सुरक्षा उपायों में गतिरोध पैदा करने का प्रयास करना शामिल है; (x) विक्रेता की पूर्व लिखित सहमति के बिना किसी भी समाधान के लिए परीक्षण करना या बेंचमार्क स्थापित करना या परीक्षण या बेंचमार्किंग परिणामों का खुलासा या प्रकाशित करना; या (xi) किसी समाधान की प्रतिलिपियों की स्थापना या उपयोग पर नियंत्रण को विफल करना या धोखा देना, विफल करने या धोखा देने का प्रयास, या किसी तृतीय पक्ष को विफल करने या धोखा देने के लिए अधिकृत करना या मदद करना।

5.2. कुछ विशिष्ट समाधान आपको या अन्य उपयोगकर्ता को व्यवस्थापकीय विशेषाधिकार प्रदान करते हैं जो, दूसरी चीज़ों के अलावा, व्यवस्थापक को अन्य उपकरणों और/या अन्य उपकरणों पर परिनियोजित समाधान की स्थिति पर निगरानी रखने दे सकता है, जिसमें उदाहरण के लिए सब्सक्रिप्शन स्थिति, समाधान सूचनाएं और संदेश शामिल हैं। आप अभिवेदन करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि आप केवल जिन

उपकरणों और समाधानों के लिए अधिकृत हैं उसी से संबंधित प्रशासनिक विशेषाधिकार का इस्तेमाल करेंगे और किसी अन्य उद्देश्य लिए नहीं करेंगे। आप इस बात का भी प्रतिनिधित्व करते हैं और वारंटी देते हैं कि आपके पास उन व्यवस्थापकीय डिवाइस के स्वामियों और उपयोगकर्ताओं की ओर से इस अनुबंध को स्वीकार करने, और डिवाइसों पर समाधान इन्स्टॉल करने का अधिकार है।

5.3. कुछ समाधान आपको आपके द्वारा उत्पन्न या अन्य स्रोतों से प्राप्त की गई सामग्री (*उपयोगकर्ता सामग्री*) को प्रकाशित करने या अन्य सामग्री के साथ सार्वजनिक रूप से साझा करने में सक्षम बना सकते हैं। आप समाधान पर या उसके माध्यम से प्रकाशित या साझा की जाने वाली उपयोगकर्ता सामग्री पर लागू होने वाले कानून के तहत् अपने पास पहले से मौजूद किन्हीं और सभी बौद्धिक संपदा अधिकारों को बनाए रखते हैं। यह इस अनुबंध के अधिकारों, लाइसेंस और अन्य नियमों के अधीन है, जिसमें उपयोगकर्ता सामग्री पर अन्य व्यक्तियों के ऐसे अंतर्निहित अधिकार शामिल हैं जिनका आपके द्वारा उपयोग या उनमें संशोधन किया जा सकता है। आप विक्रेता को इस अनुबंध के अंतर्गत केवल आपको समाधान प्रदान करने के उद्देश्य से आपके द्वारा इस समाधान के माध्यम से प्रकाशित या साझा की जाने वाली अपनी संपूर्ण उपयोगकर्ता सामग्री या इसके किसी भाग (और उनके व्युत्पादित कार्य) के उपयोग, प्रतिलिपि बनाने, दर्ज करने, वितरण, पुनरुत्पादन, प्रकटीकरण, बिक्री, पुनः बिक्री, उप-लाइसेंस (अनेक स्तरों के माध्यम से), संशोधन, प्रदर्शन, सार्वजनिक निष्पादन, संचार, प्रकाशन, प्रसार, अनुवाद, व्युत्पादित कार्य, और अन्यथा किसी भी तरह से काम में लाने के लिए गैर-विशिष्ट, अप्रतिबंधित, शर्त रहित, असीमित, वैश्विक, अखण्डनीय, चिरस्थायी, और लागत मुक्त अधिकार और लाइसेंस प्रदान करते हैं। आपके द्वारा हर बार किसी भी उपयोगकर्ता सामग्री को प्रकाशित या साझा करने पर, आप इस बात का प्रतिनिधित्व करते हैं और वारंटी देते हैं कि आप अपने उक्त राज्य में निवास करने वाले वयस्क व्यक्ति हैं और आपके द्वारा प्रकाशित या साझा की गई किसी उपयोगकर्ता सामग्री में योगदान देने वाले या उसमें वर्णित नाबालिग के माता-पिता या कानूनी अभिभावक से सभी उचित सहमति प्राप्त कर चुके हैं, और यह कि, उपयोगकर्ता सामग्री के संदर्भ में: (i) आप सामग्री के एकमात्र रचयिता और बौद्धिक संपदा तथा उपयोगकर्ता सामग्री पर अन्य अधिकारों के अकेले स्वामी हैं, या आपके पास उपयोगकर्ता सामग्री प्रकाशित और साझा करने का कानूनी अधिकार है और आप विक्रेता को किसी तृतीय पक्ष की सहमति प्राप्त करने की विक्रेता की बाध्यता के बिना या विक्रेता की कोई बाध्यता या देयता निर्धारित किए बिना इस खंड में वर्णित तरीके से इसका उपयोग का अधिकार प्रदान करते हैं; (ii) उपयोगकर्ता सामग्री एकदम सही है; (iii) उपयोगकर्ता सामग्री, इस अनुबंध में किए गए निर्धारण अनुसार विक्रेता की स्वीकृत उपयोग और दोहन के संबंध में, किसी बौद्धिक संपदा या किसी तृतीय पक्ष के अन्य अधिकार का उल्लंघन नहीं करती है और नहीं करेगी; और (iv) उपयोगकर्ता सामग्री इस अनुबंध का उल्लंघन नहीं करेगी या किसी व्यक्ति को चोट या नुकसान नहीं पहुंचाएगी।

# 6. सीमित वारंटी; अस्वीकरण और दायित्व का बहिष्करण

6.1. इस खंड 6 के शेष भाग के अधीन, विक्रेता आपको वारंटी देता है कि समाधान की प्रारंभिक प्राप्ति के बाद तीस (30) दिनों की अवधि के लिए समाधान दस्तावेज़ीकरण के अनुसार वस्तुतः कार्य निष्पादित होगा या निष्पादित किया जाएगा। वारंटी का दावा करने के लिए, आपको उस स्रोत द्वारा प्रदान किए गए निर्देशों का पालन करना होगा जिससे आपने समाधान खरीदा था। यदि समाधान दस्तावेज़ीकरण के अनुसार

वस्तुत: कार्य नहीं करता है, तो विक्रेता और उसके वितरकों और एजेंट का पूर्ण और अनन्य दायित्व और आपका अनन्य उपाय विक्रेता के विकल्प पर सीमित होगा, जो या तो: (i) समाधान का प्रतिस्थापन होगा; या (ii) समाधान के शुल्क की वापसी और समाधान के लिए आपके द्वारा किए गए प्रभार के भुगतान ("*शुल्क*") पर समाधान को वापस किया जाएगा। यह वारंटी मूल रूप से सुपुर्द किए गए समाधान पर ही लागू होती है, और यह विक्रेता द्वारा प्रदान नहीं किए गए अपडेट, या सॉफ़्टवेयर के साथ समाधान के संयोजन, संचालन या उपयोग के कारण हुई क्षति, या उपकरणों, सॉफ़्टवेयर, या अन्य सामग्री पर, जो तकनीकी विनिर्देशों में उल्लिखित विक्रेता की आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं, लागू नहीं होती है।

6.2. विक्रेता और उसके वितरक और एजेंट आपके द्वारा किसी समाधान या दस्तावेज़ीकरण का उपयोग करने पर प्राप्त प्रदर्शन या परिणामों की वारंटी नहीं देते हैं। इस खंड में दिया गया उपाय विक्रेता या उसके वितरकों या एजेंट के उल्लंघन की वारंटी के लिए एकमात्र और अनन्य उपाय वर्णित करता है। पूर्वगामी सीमित वारंटी के सिवाय, समाधान को "जैसा है वैसे ही" प्रदान किया जाता है और विक्रेता और उसके वितरक और एजेंट कोई भी स्पष्ट या निहित वारंटी या शर्तें प्रदान नहीं करते हैं और कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक अधिनियम, सामान्य कानून, विधिशास्त्र या कानून के अन्य सिद्धांत द्वारा निहित किसी भी और सभी शर्तों और वारंटियों का परित्याग करते हैं, जिसमें निहित वारंटियाँ, तृतीय-पक्ष के अधिकारों के गैर-उल्लंघन की निहित वारंटियाँ या शर्तें, बिक्री, उपयुक्त गुणवत्ता या किसी विशेष प्रयोजन की उपयुक्तता शामिल है किंतु इन्हीं तक सीमित नहीं है। विक्रेता इसकी वारंटी नहीं देता है कि समाधान का संचालन निर्बाध और त्रुटिरहित होगा, यह कि समाधान किसी भी उपकरण पर ठीक प्रकार कार्य करेगा या किसी विशेष हार्डवेयर और/या सॉफ़्टवेयर के कॉन्फ़िगरेशन पर कार्य करेगा, या यह कि समाधान चयनित डेटा की, जानकारी की या इटंरनेट द्वारा संग्रहीत या प्रसारित सामग्री की अखंडता की पूर्ण सुरक्षा करेगा।

6.3. इस अनुबंध के किसी भी अन्य प्रावधान के बावजूद भी, आपको प्रदान किए जाने वाले सभी मुफ़्त समाधान (जिसमें "मुफ़्त", "परीक्षण" या "बीटा" समाधान के रूप में प्रदान किए गए समाधान शामिल हैं) "जैसे हैं, वैसे ही", "सभी दोषों सहित", और "जैसे उपलब्ध हैं" के आधार पर, विक्रेता द्वारा किसी भी प्रकार की वारंटी के बगैर और समर्थन या अन्य सेवाओं के बगैर प्रदान किए जाते हैं।

6.4. विक्रेता समाधान के लिए सभी दायित्व को अस्वीकृत करता है, जिसमें समाधान के कारण डेटा को होने वाली हानि या उसके क्षतिग्रस्त होने के कारण होने वाली कोई भी हानि और दायित्व शामिल है। विक्रेता इस बात की कोई वारंटी नहीं देता है कि आपके डेटा को सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा। समाधान आपके डिवाइस में परिवर्तन कर सकता है जो उसकी कार्यक्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, जैसे कि समाधान द्वारा पहचानी गई संक्रमित सिस्टम या एप्लिकेशन फ़ाइलें (गलत या सही तरीके से) हटाना। समाधान का उपयोग करने के कारण आपके डिवाइस में होने वाले ऐसे परिवर्तनों को आप स्वीकृत करते हैं और उस पर सहमति प्रदान करते हैं। समाधान दोष-सहिष्णु नहीं है और इसे ऐसे खतरनाक परिवेश में उपयोग करने के लिए डिज़ाइन नहीं किया गया है जिसमें सुरक्षित प्रदर्शन की आवश्यकता होती है।

6.5. लागू कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, किसी भी स्थिति में, विक्रेता या कोई कंपनी जो नियंत्रित करती है, द्वारा नियंत्रित है या विक्रेता के साथ सामान्य नियंत्रण के तहत है (सामूहिक रूप से, "*विक्रेता समूह*") या उनके एजेंट, लाइसेंसदाता, प्रतिनिधि, आपूर्तिकर्ता, वितरक, रिसेलर्स, वायरलेस वाहक, जिनके नेटवर्क पर समाधान प्रदान किया गया है या अन्य व्यापारिक भागीदार आपके प्रति या किसी तृतीय पक्ष के किसी अपरोक्ष, आनुषंगिक, आकस्मिक, दंडात्मक या विशेष क्षतियों के लिए, कारण या उत्तरदायित्व के सिद्धांत पर ध्यान दिए बिना, या व्यवसाय में हानि, लाभ या राजस्व में हानि, गोपनीयता में हानि, किसी

उपकरण या समाधान के उपयोग में हानि से हुई किसी भी क्षति (चाहे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष), जिसमें समाधान, स्थानापन्न प्राप्त करने या सामान और सेवाएं बदलने, व्यापारिक बाधाएं, व्यापारिक जानकारी की हानि समेत, इस अनुबंध या इसके अंतर्गत प्रदत्त समाधान के फलस्वरूप अन्य आर्थिक हानि शामिल हैं, भले ही ऐसी क्षतियों के बारे में विक्रेता को सलाह दी गई हो, उत्तरदायी नहीं होंगे। किसी समाधान द्वारा या उसके संबंध में प्रसारित, प्राप्त या संग्रहीत डेटा, जानकारी या सामग्री की किसी अनधिकृत पहुंच, या किसी विकृति, अपमार्जन, चोरी, क्षति, परिवर्तन, असावधानीवश डेटा का प्रकटीकरण या हानि का उत्तरदायित्व विक्रेता पर नहीं होगा, चाहे इनका कारण कुछ भी हो। कानून द्वारा अनुमत पूर्ण सीमा तक, किसी भी स्थिति में विक्रेता, विक्रेता समूह का कोई भी सदस्य या उनके वितरक या एजेंट का दायित्व किसी भी क्षति के लिए पाँच यू.एस डॉलर (यू.एस डॉलर 5.00) या आपने लागू सदस्यता अवधि के लिए समाधान हेतु जो शुल्क अदा किया है उससे अधिक नहीं होगा।

6.6. पूर्वगामी बहिष्करण और विक्रेता, विक्रेता समूह के सदस्य और उनके वितरक और एजेंट लागू कानून द्वारा अनुमत सीमा के परे मृत्यु, व्यक्तिगत क्षति और धोखाधड़ी के लिए उनके संभावित दायित्व को सीमित नहीं करता है।

# 7. गोपनीयता: निजी जानकारी संसाधित करना

7.1. आप स्वीकार करते हैं और सहमति देते हैं कि समाधान काम करने के लिए विक्रेता की क्लाउड-आधारित तकनीक के साथ स्वचालित रूप से संप्रेषण कर सकता है, और समाधान तथा अन्य विक्रेता उत्पाद और सेवाओं को अधिक प्रभावी बना सकता है। आप केवल समाधान को अनइन्स्टॉल करके ऐसे संप्रेषण के प्रति अपनी सहमति को वापस ले सकते हैं।

7.2. विक्रेता निम्न से संबंधित कुछ विशिष्ट जानकारी और डेटा (जिसमें निजी पहचान योग्य जानकारी और/या निजी डेटा शामिल हो सकता है) संसाधित करता है: (i) समाधान का उपयोगकर्ता और/या कोई भी डिवाइस जो समाधान का उपयोग करता है; (ii) समाधान और/या कोई भी डिवाइस जो समाधान का उपयोग करता है; www.avast.com पर (जहाँ विक्रेता Avast Software s.r.o है), www.avg.com (जहाँ विक्रेता AVG Netherlands BV है) या www.hidemyass.com (जहाँ विक्रेता Privax Limited है) विक्रेता की गोपनीयता नीति के अनुसार।

# 8. समाप्ति।

यहाँ निहित किसी भी दायित्व का आपके द्वारा उल्लंघन किए जाने पर यह अनुबंध तुरंत समाप्त हो जाएगा (जिसमें अनुभाग 2, 5 या 9 में आपके दायित्वों का कोई भी उल्लंघन शामिल है जिसके कारण आपके किन्हीं अधिकारों को जब्त किया जा सकता है)। यदि इस अनुबंध का उल्लंघन करने के कारण विक्रेता या उसके वितरकों या एजेंट पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो विक्रेता कानून के तहत उपलब्ध अन्य उपायों के लिए अधिकार सुरक्षित रखता है। यहाँ निहित दायित्व की सीमाएँ और वारंटी का अस्वीकरण या क्षतियों के लिए दायित्व इस अनुबंध की समाप्ति के बाद भी लागू होंगे। यहाँ दिए गए प्रावधान को तब तक छोड़ा हुआ नहीं माना जाएगा जब तक कि इस प्रकार का दावा अस्वीकरण लिखित रूप में और विक्रेता द्वारा हस्ताक्षर किया

हुआ न हो। अगर इस अनुबंध के किसी प्रावधान को अमान्य या गैर प्रवर्तनीय माना जाता है, तो इस अनुबंध के शेष प्रावधान पूर्ण शक्ति के साथ प्रभावी बने रहेंगे।

# 9. अमेरिकी सरकार प्रतिबंधित अधिकार

सभी समाधान 48 C.F.R. 2.101 में परिभाषित शब्द के अनुसार, "वाणिज्यिक आइटम" के रूप में योग्य हैं, जिसमें "वाणिज्यिक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर" और "वाणिज्यिक कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर दस्तावेज़ीकरण" शामिल है क्योंकि इन शब्दों का उपयोग 48 C.F.R. 12.212 में किया गया है। 48 C.F.R. 12.212 और 48 C.F.R. 227.7202-1 से लेकर 227.7202-4 के साथ संगत सभी अमेरिकी सरकार के अंतिम उपयोगकर्ता इस प्रकार के समाधान और संबंधित दस्तावेज़ीकरण अधिगृहीत करते है जिसमें केवल वे अधिकार निर्धारित किए जाते हैं जो गैर-सरकारी ग्राहकों पर लागू होते हैं। इस प्रकार के समाधानों और संबंधित दस्तावेज़ीकरण का उपयोग सरकारी इकाई द्वारा अनुबंध का गठन करता है कि कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर और कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर दस्तावेज़ीकरण वाणिज्यिक है और यहाँ के अधिकारों और प्रतिबंधों के स्वीकरण गठित करता है।

# 10. निर्यात नियंत्रण

आपको समाधान के निर्यात और पुनःनिर्यात को संचालित करने हेतु लागू होने वाले सारे अमेरिकी और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों, साथ ही साथ अमेरिका और अन्य सरकारों द्वारा जारी अंतिम उपयोगकर्ता, अंतिम उपयोग और गंतव्य प्रतिबंधों का पालन करना होगा। पूर्वगामी की व्यापकता से अवमूल्यन किए बिना: (i) आप अभिवेदन करते हैं कि आप किसी अस्वीकृत व्यक्ति सूची, अपुष्ट सूची, निकाय सूची, विशेष रूप से मनोनीत नागरिक सूची, विवर्जित सूची, या अमेरिकी सरकार द्वारा प्रकाशित किसी सूची के सदस्य नहीं हैं, (ii) आप अमेरिकी या E.U. प्रतिबंधों या व्यापार निषेध का उल्लंघन करते हुए समाधान को किसी निषिद्ध क्षेत्रों, गंतव्यों, कंपनियों या व्यक्तियों को निर्यात या पुनः निर्यात नहीं करेंगे। किसी भी दावे, मांग, मुकदमे या कार्यवाही और अनुभाग 10 का अनुपालन न करने की विफलता के कारण उत्पन्न होने वाली सभी क्षतियों, दायित्व, लागत और व्यय के लिए आप विक्रेता को क्षतिपूर्ति करेंगे, उसका बचाव करेंगे और उसे सुरक्षित रखेंगे।

# 11. बाध्यकारी मध्यस्थता अनुबंध और श्रेणी कार्यवाही छूट

11.1. यह खंड 11 किसी भी ऐसे विवाद पर लागू होता है जो समाधान या इस अनुबंध से उत्पन्न होते हैं या इससे संबंधित होते हैं तथा जिनमें आप और कोई विक्रेता समूह कंपनी शामिल हों। इस खंड 11 के उद्देश्य के लिए, "*विवाद,*" का अर्थ कार्यवाही (कार्यवाहियों) के विशेष कारण पर ध्यान दिए बिना कोई झगड़ा, कार्रवाई, अन्य विवाद है (यानी, इसमें, अन्य संभावित कार्यवाही या कानूनी आधार के साथ-साथ, अनुबंध के उल्लंघन, धोखाधड़ी, और कानून या नियम के उल्लंघन के दावे शामिल हैं)।

11.2. विवाद की स्थिति में, आपको विक्रेता को विवाद की सूचना देनी होगी, जोकि उसे देने वाले पक्ष का नाम, पता और संपर्क जानकारी, विवाद के उठने के तथ्य, और अनुरोध की गई राहत का लिखित कथन होता है। विवाद की कोई भी सूचना आप ईमेल द्वारा विक्रेता को legal@avg.com पर भेज सकते हैं (विषय: खंड 11 EULA के तहत विवाद की सूचना का उल्लेख करते हुए)।

11.3. किसी भी फ़ोरम पर किसी विवाद को सुलझाने की कार्रवाई या मुकदमे का संचालन पूरी तरह से व्यक्तिगत आधार पर किया जाएगा। आप किसी भी विवाद की सुनवाई श्रेणी कार्रवाई, निजी अटॉर्नी जनरल कार्रवाई या कोई अन्य कार्यवाही के रूप में होने की मांग नहीं करेंगे जिसमें कोई भी पक्ष प्रतिनिधि हैसियत में कार्य करने या कार्य करने का प्रस्ताव रखता हो। कोई मध्यस्थता और कार्यवाही सभी प्रभावित मध्यस्थतायों और कार्यवाहियों के सारे पक्षों की पूर्व लिखित सहमति के बगैर किसी दूसरी मध्यस्थता और कार्यवाही के साथ नहीं मिलाई जाएगी।

11.4. यदि आप और विक्रेता विवाद को अनौपचारिक बातचीत से सुलझा नहीं पाते हैं, तो विवाद को हल करने के सभी अन्य प्रयास संयुक्त राज्य अमेरिका के संघीय मध्यस्थता अधिनियम ("*FAA*"), 9 U.S.C. § 1 et seq द्वारा नियंत्रित बाध्यकारी मध्यस्थता द्वारा विशेष रूप से संचालित किए जाएंगे. जैसा कि नीचे प्रदान किया गया है उसके अलावा, आप न्यायालय में न्यायाधीश या जूरी के सामने सभी मुकदमे चलाने (या मुकदमे मे किसी पक्ष या वर्ग के सदस्य के रूप में भागीदारी करने) के अपने सभी अधिकारों का परित्याग करते हैं। इसके बजाय, सभी विवादों को निरपेक्ष मध्यस्थ के समक्ष सुलाझाया जाएगा, जिसका निर्णय FAA के अधीन न्यायिक समीक्षा के सीमित अधिकार को छोड़कर अंतिम होगा। कोई भी न्यायालय, जिसके न्यायक्षेत्र में पक्ष आते हैं, मध्यस्थ के निर्णय को लागू कर सकती है।

11.5. इस खंड 11 की मध्यस्थता आवश्यकता निम्नलिखित अपवाद के अधीन है:

11.5.1. जहाँ आप निवास करते हैं उस काउंटी में या उसके समान राजनैतिक क्षेत्र में किसी भी विवाद पर छोटे दावों के न्यायालय में मुकदमा कर सकते हैं, अगर विवाद छोटे दावे के न्यायालय में सुनवाई की सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है। अगर आप छोटे दावों के न्यायालय में दावा करते हैं, तो सभी न्यायिक लागतों और शुल्कों के लिए आप ज़िम्मेदार होंगे।

11.5.2. आपकी या विक्रेता की बौद्धिक संपत्ति के किसी भी कथित गलत प्रयोग से संबंधित सभी विवादों का समाधान न्यायालय में किया जाएगा।

11.5.3. यदि आप यूरोपीय संघ में रहते हैं और आपने यूरोपीय संघ में स्थित विक्रेता समूह की किसी कंपनी से समाधान खरीदा है, तो आप यूरोपीय कमीशन द्वारा स्थापित ऑनलाइन विवाद निपटान के लिए इंटरनेट प्लैटफ़ॉर्म ("*ODR प्लैटफ़ॉर्म*") के माध्यम से अपने विवाद को हल करने के लिए पात्र हो सकते हैं। ODR प्लैटफ़ॉर्म का उद्देश्य यूरोपीय संघ में स्थित उपभोक्ताओं और व्यापारियों के बीच माल तथा सेवाओं की ऑनलाइन खरीदी से संबंध में न्यायालय के बाहर प्रस्तावों को सुलझाना है। आप इस लिंक का अनुसरण करके ODR प्लैटफ़ॉर्म तक पहुँच सकते हैं: http://ec.europa.eu/consumers/odr/.

11.6. कोई भी मध्यस्थता अमेरिकी मध्यस्थता संगठन ("*AAA*") द्वारा AAA के "उपभोक्ता मध्यस्थता नियमों" के अनुसार प्रशासित होगी जोकि 1 सितंबर, 2014 से प्रभावी होगी, जिसमें 1 सितंबर 2014 से

प्रभावी मध्यस्थता की लागतें ( AAA व्यवस्थापक शुल्क सहित) भी शामिल होंगी (सामूहिक रूप से,"*उपभोक्ता प्रक्रियाएँ*") और यह निम्नलिखित के अधीन होंगी:

11.6.1. उपभोक्ता कार्यविधियाँ कुछ शुल्क लेकर प्रदान की जाती हैं, विशेष रूप से उपभोक्ता (आप) को कुछ और व्यवसाय (विक्रेता) को शेष आबंटित करते हुए। अगर आपका दावा US$75,000 या उससे कम का है, तो विक्रेता उपभोक्ता को आबंटित को शामिल करते हुए, उन सभी निर्दिष्ट शुल्कों और लागतों का भुगतान करेगा। विक्रेता किसी और खर्च को वहन करने के लिए सहमत नहीं है। यदि आपका दावा US$75,000 से अधिक का है, तो भुगतान की व्यवस्था उपभोक्ता कार्यविधियों के अनुसार होगी।

11.6.2. नीचे वर्णित प्रावधानों को छोड़कर, पक्षों के बीच किसी भी विवाद पर AAA की उपभोक्ता कार्यविधियाँ लागू होंगी। हालांकि, उपभोक्ता मध्यस्थता नियम R-1(च) के आधार पर कोई पक्ष अंतिम निर्णय के लिए मध्यस्थ को उपभोक्ता मध्यस्थता नियमों का उचित आवेदन कर सकता है। यह अनुबंध, उपभोक्ता कार्यविधियों के साथ संघर्ष की सीमा तक लागू होता है। आप मध्यस्थता केवल उस देश या अन्य समान राजनीतिक उपखंड में करेंगे जिसके आप निवासी हैं। मध्यस्थता की कार्यवाही कॉन्फ्रेंस कॉल द्वारा संचालित की जाएगी। लेकिन, यदि कार्यवाहियाँ AAA उपभोक्ता कार्यविधियों के अनुसार संचालित होती हैं, तो किसी पक्ष के अनुरोध पर व्यक्तिगत सुनवाई को आवश्यक बनाने का विवेकाधीन अधिकार मध्यस्थ के पास होगा।

11.6.3. आप और विक्रेता सहमति देते हैं कि मध्यस्थता को प्रशासित करने के लिए AAA का उपयोग, विवादों की मध्यस्थता की सहमति के लिए अनिवार्य नहीं है। अगर AAA मध्यस्थता नहीं करेगा या नहीं कर सकता, तो आप और विक्रेता को सद्भावपूर्वक पूर्ण मध्यस्थता पर सहमति बनानी होगी जो विवाद का समाधान करेगा जैसा कि उपभोक्ता कार्यविधियों में बताया गया है। अगर पक्षों के बीच किसी मध्यस्थ पर सहमति नहीं बनती है, तो उचित क्षेत्राधिकार का न्यायालय एक मध्यस्थ नियुक्त कर सकता है, जो AAA की उपभोक्ता कार्यविधियों का पालन करेगा।

11.6.4. अगर विवाद के सभी या कुछ भागों के लिए खंड 11 का एक या उससे अधिक भाग गैरकानूनी, अमान्य या अप्रवर्तनीय पाए जाते हैं, तो, और केवल उस स्थिति में, उन भागों का विच्छेद किया जाएगा और विवाद का समाधान खंड 11 के सभी शेष भागों और इस अनुबंध के सभी अन्य प्रावधानों के अधीन किया जाएगा। अगर ऐसे विच्छेदन के परिणामस्वरूप विवाद के सभी या कुछ भागों पर कार्यवाही अदालत में होती है, तो ऐसी स्थिति में ऐसी कोई न्यायालीय प्रक्रिया सेंटा क्लेरा काउंटी, कैलिफ़ॉर्निया में स्थित न्यायालय में की जाएँगी। आप ऐसी किसी न्यायालयी कार्यवाही के प्रयोजन हेतु सहमत होते हैं और कैलिफ़ोर्निया न्यायालय के आप पर निजी अधिकार को चुनौती नहीं देंगे और अनुचित स्थल या गैर उपयुक्त फ़ोरम के आधार पर आगे आपत्ति का अधित्याग नहीं करेंगे और दूसरे शहर या अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरण की मांग नहीं करेंगे।

11.7. पूर्ववर्ती अनुच्छेदों के बावजूद, यदि आप निजी या घरेलू उपयोग के बजाय किसी अन्य उपयोग के लिए समाधान खरीदते हैं, तो लागतों के भुगतान सहित मध्यस्थता कार्यवाहियों को AAA के वाणिज्यिक मध्यस्थता नियमों (*वाणिज्यिक क्रियाविधियां*) के अनुसार प्रशासित किया जाएगा। वाणिज्यिक कार्यविधियाँ उचित रूप से पक्षों के बीच विवाद पर लागू होती हैं, और आप किसी कार्यवाही में अन्यथा वकालत नहीं करेंगे। हालांकि, यह अनुबंध, वाणिज्यिक कार्यविधियों के साथ संघर्ष की सीमा तक लागू होता है।

# 12. प्रशासकीय कानून

कैलिफ़ॉर्निया राज्य के नियम, कानूनी नियमों के अपने विवादों को छोड़कर, इस अनुबंध और आपके द्वारा समाधान तथा दस्तावेज़ीकरण के उपयोग को संचालित करते हैं। वस्तुओं के अंतर्राष्ट्रीय विक्रय के लिए अनुबंध पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन के अनुप्रयोग को स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है।

# 13. सामान्य

13.1. संपूर्ण अनुबंध। यह अनुबंध समाधानों और दस्तावेज़ीकरण के आपके उपयोग के संबंध में आपके और विक्रेता के बीच पूर्ण अनुबंध है। यह अनुबंध समाधानों और दस्तावेज़ीकरण के आपके उपयोग के संदर्भ में सभी पूर्व या समकालीन मौखिक या लिखित संचार, प्रस्ताव, कथन, वारंटियाँ और अभ्यावेदन को प्रतिस्थापित करता है। पूर्वगामी होने के बावजूद भी, इस अनुबंध में कुछ भी आपके किसी भी अधिकारों को कम नहीं करेगा जो मौजूदा उपभोक्ता संरक्षण कानून या आपके क्षेत्राधिकार में अन्य लागू कानूनों के तहत हो सकते हैं जिन्हें अनुबंध के तहत छोड़ा जा सकता है। यह अनुबंध, लागू शर्तें और दस्तावेज़ीकरण, यथोचित साध्य अधिकतम सीमा तक, एक दूसरे के साथ संगत होने के लिए अन्वय किया जाएगा, लेकिन विवाद होने की स्थिति में निम्नलिखित क्रम में नियंत्रित किया जाएगा: (i) लागू शर्तें; (ii) यह अनुबंध; और (iii) दस्तावेज़ीकरण।

13.2. सूचना। विक्रेता किसी भी समय आपको इलेक्ट्रॉनिक मेल, पॉप-अप विंडो, संवाद बॉक्स या अन्य माध्यम से सूचना दे सकता है, हालांकि कुछ मामलों में आप सूचना नहीं प्राप्त कर सकते जब तक कि आप समाधान प्रारंभ नहीं करते। विक्रेता द्वारा समाधान के माध्यम से पहली बार सूचना उपलब्ध करने की तिथि को ही ऐसी सूचना सुपुर्द कर दी गई मान ली जाएगी, चाहे आप इसे वास्तव में किसी भी समय प्राप्त करें।

13.3. कानून का चुनाव। इस अनुबंध के निर्माण, वैधता और प्रदर्शन और इस अनुबंध से उत्पन्न होने वाले या जुड़े हुए सभी गैर-अनुबंधीय दायित्व, कानूनों के संघर्ष के सिद्धांत के अलावा, कैलिफ़ोर्निया राज्य, अमेरिका के कानून के तहत नियंत्रित किए जाएंगे।

13.4. विवेचना। इस अनुबंध का शीर्षक इसकी विवेचना को प्रभावित नहीं करता है। किसी लिंग के उपयोग में सभी लिंग शामिल हैं। एकवचन में बहुवचन और विपरीत क्रम शामिल है। जहां एक शब्द या वाक्य परिभाषित है, उसके अन्य व्याकरणीय रूप का तदानुसार अर्थ होता है।

13.5. विच्छेद्यता। अगर इस अनुबंध के किसी प्रावधान को लागू होने वाले कानूनों और अधिनियमों के तहत गैरकानूनी, अमान्य या गैर प्रवर्तनीय माना जाता है, तो इस अनुबंध के अन्य सारे प्रावधान पूर्ण शक्ति के साथ प्रभावी बने रहेंगे।

13.6. असम्भवता। प्रदर्शन में होने वाली किसी भी विफलता या विलंब के लिए विक्रेता उत्तरदायी नहीं होगा, जो पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से निम्न के कारण हो सकता है, उपयोगिता विफलताओं (पॉवर सहित), इंटरनेट में विफलता, दूरसंचार या जानकारी तकनीकी सेवाओं में विफलता, दूरसंचार या सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण में विफलता, हड़ताल या श्रमिकों के अन्य अपद्रव (विक्रेता और इसकी समूह कंपनियों या उनके

एजेंट, लाइसेंसदाताओं, प्रतिनिधियों, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों, रिसेलर्स और अन्य व्यावसायिक सहयोगी के संदर्भ में होने वाली हड़ताल या अन्य श्रमिक उपद्रव समेत), युद्ध या आतंकवादी कार्यवाही, विक्रेता, विक्रेता समूह के किसी भी सदस्य या उनके आपूर्तिकर्ताओं को प्रभावित करने वाले सेवा आक्रमणों या अन्य सूचना प्रौद्योगिकी आक्रमण या उल्लंघन का अस्वीकरण, बाढ़, तोड़-फोड़, अग्नि, अन्य प्राकृतिक विपदा या दैविक विधान और कोई भी अन्य कारण जो विक्रेता के नियंत्रण के बाहर है।

13.7. अधित्याग। दोनों पक्षों द्वारा इस अनुबंध के नियम, शर्तों और प्रावधानों पर दृढ़ता से बने रहने में विफलता का अर्थ इस अनुबंध के भविष्य में अनुपालन में छूट या उसका त्याग नहीं लगाना चाहिए, इस अनुबंध के नियम, शर्तें और प्रावधान पूर्ण शक्ति के साथ और प्रभाव में बने रहेंगे। दोनों पक्षों में से किसी के भी द्वारा इस अनुबंध के किसी नियम या शर्त का अधित्याग किसी भी प्रयोजन से प्रभावी नहीं होगा बशर्ते ऐसे अधित्याग उस पक्ष द्वारा लिखित और हस्ताक्षरित हों। इस अनुबंध के किसी प्रावधान का किसी पक्ष द्वारा उल्लंघन के दूसरे पक्ष द्वारा अधित्याग को ऐसे उल्लंघन या उसी अनुबंध के समान या अन्य प्रावधानों के उल्लंघन के अधित्याग के रूप में नहीं माना जा सकता है।

13.8. समनुदेशन। आप इस अनुबंध के अंतर्गत प्राप्त अधिकारों या बाध्यताओं को विक्रेता की पूर्व लिखित सहमति के बगैर निर्दिष्ट नहीं कर सकते हैं। विक्रेता इस अनुबंध को किसी भी समय आपकी पूर्व लिखित अनुमति के बगैर निर्दिष्ट कर सकता है।

13.9. निर्माण। यह अनुबंध सामान के अंतर्राष्ट्रीय विक्रय के अनुबंधों पर, जिनका उपयोग स्पष्ट रूप से शामिल नहीं किया गया है, संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाएगा। अस्पष्टता अथवा आशय या व्याख्या पर प्रश्न उठने की स्थिति में, किसी भी न्यायिक कार्यवाही या अन्यथा के दौरान, इस अनुबंध की शर्तों को दोनों पक्षों द्वारा संयुक्त रूप स्वरूपित माना जाएगा, और इस अनुबंध के किन्हीं प्रावधानों के लेखन की वजह से किसी भी पक्ष पर पक्ष लेने या अरुचि प्रकट करने वाली कोई धारणा या साबित करने की जिम्मेदारी उत्पन्न नहीं होगी।

13.10. कोई तृतीय पक्ष लाभार्थी नहीं। यह अनुबंध केवल आप और विक्रेता और विक्रेता की अन्य समूह कंपनियों और उनसे संबंधित एजेंट, लाइसेंसदाता, प्रतिनिधित्व, आपूर्तिकर्ता, वितरकों, रिसेलर्स और अन्य व्यवसायिक भागीदारों के लिए अभिप्रेत है। इस अनुबंध के लिए तृतीय पक्ष लाभार्थी के रूप में न कोई व्यक्ति न कोई पक्ष इस अनुबंध के अनुसार कार्रवाई के लिए मुकदमा कर सकता है।

13.11. भाषा। यह अनुबंध मूल रूप से अंग्रेजी भाषा में तैयार हुआ था। हालांकि विक्रेता आपकी सुविधा के लिए एक या अधिक अनुवाद प्रदान कर सकता है, किसी टकराव या विसंगति की स्थिति में इस अनुबंध का अंग्रेज़ी संस्करण नियंत्रित संस्करण होगा।

13.12. इंटरनेट कनेक्शन। कुछ समाधान को कार्य करने के लिए इंटरनेट के एक सक्रिय और स्थिर कनेक्शन की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए आपकी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करने की है कि आपके पास हर समय एक सक्रिय और स्थिर इंटरनेट कनेक्शन हो।

13.13. उत्पाद नाम। विक्रेता समय-समय पर अपने स्व-विवेक के आधार पर समाधान के नाम को परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

13.14. संपर्क जानकारी। विक्रेता से निम्नतः संपर्क किया जा सकता है:

13.14.1. CloudCare या Managed Workplace के संबंध में www.avg.com/support पर पोस्ट किए गए निर्देशों के अनुसार; और

13.14.2. यदि इस अनुबंध के संबंध में आपके कोई प्रश्न हैं या विक्रेता से किसी जानकारी के लिए अनुरोध करना चाहते हैं, तो कृपया इस पते पर लिखें Avast Software s.r.o., Pikrtova 1737/1a, Prague 4, Postal Code 140 00, Czech Republic, ई-मेल: support@avast.com, टेली.: +420 274 005 777 या www.avast.com/support पर हमारे समर्थन पृष्ठ पर जाएँ।

# 14. विशेष शर्तें

कुछ समाधानों पर निम्नलिखित विशेष शर्तें लागू होती हैं। यदि ये विशेष शर्तें शेष अनुबंध के साथ विरोध पैदा करती हैं, तो लागू समाधानों के संदर्भ में ये विशेष शर्तें नियंत्रण करेंगी।

14.1. तृतीय पक्ष सॉफ़्टवेयर, सेवाएँ और अन्य उत्पाद

कुछ समाधान आपको तृतीय पक्षों द्वारा समर्थित सॉफ़्टवेयर, सेवाएँ और अन्य उत्पाद प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। आप स्वीकार करते हैं कि लागू तृतीय पक्ष अपनी प्रस्तुतियों के लिए पूरी तरह से ज़िम्मेदार है और विक्रेता उन प्रस्तुतियों के लिए कोई प्रतिनिधित्व या वारंटियाँ प्रदान नहीं करता और उनके संबंध में कोई ज़िम्मेदारी स्वीकार नहीं करता, और यदि आप इनमें से कोई भी तृतीय पक्ष प्रस्तुति प्राप्त या उसका उपयोग करते हैं, तो वे प्रस्तुतियाँ और आपके द्वारा उनका उपयोग, किसी लाइसेंस अनुबंधों, उपयोग की शर्तों, गोपनीयता नीतियों और/या तृतीय पक्ष के लिए आवश्यक किन्हीं अन्य नियमों एवं शर्तों द्वारा नियंत्रित की जाएँगी।

14.2. ब्राउज़र क्लीनअप

जब आप ब्राउज़र क्लीनअप ऐड-ऑन (“*BCU*”) स्थापित करते और उसका उपयोग करते हैं, तो आप BCU को अपनी मौजूदा ब्राउज़र सेटिंग को नई ब्राउज़र सेटिंग में बदलने के लिए अधिकृत करते हैं।

14.3. मोबाइल अनुप्रयोग

यह खंड 14.3 मोबाइल उपकरणों पर उपयोग के लिए अभीष्ट समाधानों पर लागू होता है।

14.3.1. Google Play (http://play.google.com) से डाउनलोड किए गए समाधानों के लिए, इस अनुबंध द्वारा प्रदान किया गया लाइसेंस समाधानों का उपयोग करने के अधिकारों के स्थान पर होगा जिसे अन्यथा Google Play Store से डाउनलोड की गई ऐप्लिकेशन के लिए डिफ़ॉल्ट शर्तों द्वारा प्रदान किया जाता है।

14.3.2. Apple ऐप स्टोर से डाउनलोड किए गए समाधान के लिए, निम्नलिखित शर्तें लागू होंगी:

(क) इस अनुभाग द्वारा प्रदत्त लाइसेंस आपके स्वामित्व और नियंत्रण वाले किसी iPhone, iPod Touch या अन्य Apple-चालित उपकरण पर समाधान के उपयोग हेतु गैर-स्थानांतरणीय लाइसेंस तक सीमित है, और http://www.apple.com/legal/internet-services/itunes/us/terms.html पर ऑनलाइन उपलब्ध Apple App स्टोर की सेवा की शर्तों में निर्धारित उपयोग के नियमों में प्रदत्त स्वीकृति के अनुसार या Apple द्वारा आपको उपलब्ध कराए गए साइट्स और अन्य साधनों के माध्यम से उपलब्ध हैं।

(ख) यह अनुबंध केवल पक्षों के बीच हुआ है, न कि Apple के साथ। विक्रेता, न कि Apple समाधान और उसकी सामग्री के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है।

(ग) समाधान के संदर्भ में Apple के पास किसी भी रखरखाव और समर्थन सेवाओं को प्रस्तुत करने का कोई भी दायित्व नहीं है।

(घ) अगर समाधान किसी भी लागू वारंटी का पालन करने में विफल होता है, तो आप Apple को सूचित कर सकते हैं और Apple समाधान की खरीद राशि आपको वापस करेगी। प्रयोज्य कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, Apple की समाधान के संदर्भ में कोई अन्य वारंटी की बाध्यता नहीं होगी और, जैसा कि आपके, विक्रेता और Apple के बीच है, किसी वारंटी का अनुपालन करने में विफलता के फलस्वरूप कोई अन्य दावे, हानि, क्षति, खर्च या व्यय के लिए केवल विक्रेता की जिम्मेदारी होगी।

(ङ) आपके या किसी तृतीय पक्ष द्वारा समाधान या उस समाधान को आपके द्वारा अपने अधिकार में रखने और या उसके उपयोग के संबंध में किए गए किसी भी दावे के लिए विक्रेता उत्तरदायी होगा, न कि Apple, जिनमें परिसीमन रहित निम्न शामिल हैं: (i) उत्पाद दायित्व दावे; (ii) ऐसे दावे, जिनकी किसी लागू कानूनी या विनियामक आवश्यकता की पूर्ति करने में समाधान विफल रहता है; और (iii) उपभोक्ता सुरक्षा या समान कानून के तहत उत्पन्न होने वाले दावे।

(च)किसी तृतीय पक्ष के दावे की स्थिति में कि समाधान या उस समाधान पर आपके अधिकार या आपके द्वारा उसका उपयोग उस तृतीय पक्ष की बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन करता है, केवल विक्रेता न कि Apple, ऐसे बौद्धिक संपदा उल्लंघन दावों की जांच-पड़ताल, प्रतिवाद, समझौते और निर्वहन के लिए जिम्मेदार होगा।

(छ) समाधान का उपयोग करते समय आपको किसी भी लागू तृतीय पक्ष शर्तों का अनुपालन करना होगा। उदाहरण के लिए, VOIP समाधान के लिए, समाधान का उपयोग करते समय आपको अपने वायरलेस डेटा सेवा अनुबंध का उल्लंघन बिलकुल नहीं करना होगा।

(ज) Apple और Apple की सहयोगी कंपनियाँ इस अनुबंध की तृतीय पक्ष लाभार्थी हैं, और इस अनुबंध के नियम और शर्तों के प्रति आपकी स्वीकृति के पश्चात्, तृतीय पक्ष के रूप में आपके खिलाफ इस अनुबंध के प्रवर्तन का अधिकार Apple के पास होगा (और इसके लिए अधिकार को स्वीकृत मान लिया जाएगा)।

14.3.3. Amazon Appstore से डाउनलोड किए गए समाधानों के लिए, Amazon, Amazon Appstore के लिए कुछ विशिष्ट ग्राहक उपयोगकर्ता शर्तों को “*डिफ़ॉल्ट EULA शर्तें*” के रूप में निर्धारित कर सकता है। वे डिफ़ॉल्ट EULA शर्तें Amazon ऐप स्टोर द्वारा आपके द्वारा खरीदे गए समाधान के आपके उपयोग पर लागू होंगी। डिफ़ॉल्ट EULA शर्तें, अन्य चीज़ों के साथ-साथ, निर्दिष्ट करेंगी कि विक्रेता समाधान का

लाइसेंसर है और Amazon इस अनुबंध में कोई पक्ष नहीं है। अगर डिफ़ॉल्ट EULA शर्तों और इस अनुबंध के बीच कोई संघर्ष होता है, तो फिर ऐसे संघर्ष की सीमा तक डिफ़ॉल्ट EULA शर्तों का नियंत्रण होगा। विक्रेता या आपके द्वारा डिफ़ॉल्ट EULA शर्तों के पालन या गैर-अनुपालन से संबंधित कोई भी ज़िम्मेदारी या देयता Amazon की नहीं है।

14.4. WiFi Finder

WiFi Finder अपने उपयोगकर्ताओं को WiFi नेटवर्क के बारे में डेटा साझा करके इंटरनेट तक पहुँच प्राप्त करने में अन्य उपयोगकर्ताओं की सहायता करने में सक्षम बनाता है। यदि आप अपने WiFi नेटवर्क के बारे में डेटा साझा करने का चयन करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए आप पूरी तरह से ज़िम्मेदार होंगे कि आप उन WiFi नेटवर्क्स से संबंधित किसी तृतीय पक्ष अधिकारों का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। विक्रेता किसी भी तरह से आपके द्वारा ऐसे किसी भी नेटवर्क के उपयोग पर लागू नियमों और शर्तों के अनुपालन की ज़िम्मेदारी नहीं लेता जिनका डेटा आपने साझा किया है।

14.5. CloudCare और Managed Workplace। यह खंड 14.5 उन लागू शर्तों पर लागू होता है जो आपको CloudCare या Managed Workplace का उपयोग करने के लिए अधिकृत करता है ताकि तृतीय-पक्ष को MSP सेवाएँ प्रदान की जा सकें।

14.5.1. जैसा कि इस खंड 14.5 में उपयोग किया गया है:

(क) "*AVG व्यवसाय सेवा*" का अर्थ HD सेवाओं और/या संदर्भ की आवश्यकता के अनुरूप NOC सेवाओं से है।

(ख) “*ग्राहक*” का अर्थ वह तृतीय पक्ष है जिसे आप MSP सेवाएँ प्रदान करते हैं या प्रदान करना चाहते हैं।

(ग) "*HD सेवाओं*" का अर्थ है विक्रेता या इसके तृतीय पक्ष आपूतिकर्ता द्वारा एक या कई ग्राहकों के लाभार्थ आपको दी जाने वाली हेल्पडेस्क सेवाएँ, प्रत्येक ऐसे मामले में जैसा कि दस्तावेज़ीकरण में वर्णित है और जिसमें समय-समय पर विक्रेता बदलाव कर सकता है।

(घ) “*MSP सेवाएँ*” का अर्थ वह प्रबंधित सेवा है जो आप समाधानों (लागू होने वाली AVG व्यवसाय सेवाओं सहित) का उपयोग करके अपने ग्राहकों को प्रदान करते हैं।

(ङ) “*NOC सेवाओं*” का अर्थ है विक्रेता या इसके तृतीय पक्ष आपूतिकर्ता द्वारा आपको दी जाने वाली दूरस्थ डिवाइस निगरानी और प्रबंधन सेवाएँ, जिससे एक या कई ग्राहकों को लाभ मिलता है, प्रत्येक ऐसे मामले में जैसा कि दस्तावेज़ीकरण में वर्णित है और जिसमें समय-समय पर विक्रेता बदलाव कर सकता है।

(च) “*सेवा अनुबंध*” का अर्थ है आपके और ग्राहक के बीच अनुबंध, जो अन्य बातों के साथ-साथ, स्पष्ट रूप से आपके द्वारा ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताता है।

14.5.2. विक्रेता, इस अनुबंध के प्रावधानों के अधीन, प्रासंगिक समाधानों का (जिनमें AVG व्यवसाय सेवाएँ शामिल हैं) उपयोग करने के लिए क्षेत्र में आपको सदस्यता अवधि के दौरान सीमित, गैर-अनन्य, गैर-

अहस्तांतरणीय लाइसेंस प्रदान करता है (सबलाइसेंस के अधिकारों के बिना) ताकि लागू शर्तों द्वारा निर्दिष्ट ग्राहकों के डिवाइसों को MSP सेवाएँ प्रदान की जा सकें।

14.5.3. विक्रेता, इस अनुबंध के नियम और शर्तों के अधीन, आपके ग्राहकों के लाभ के लिए आपको समाधान (AVG व्यवसाय सेवाओं में लागू सहित) सेवाएं प्रदान करेगा।

14.5.4. आप, इस अनुबंध के नियम और शर्तों के अधीन:

(क) यह आवश्यक है कि: (i) समाधान को प्राप्त करने वाला प्रत्येक व्यक्ति (लागू सीमा तक आपके सहित) इस अनुबंध के वर्तमान संस्करण को लागू करें या उससे बाध्य रहें (ii) वह प्रत्येक ग्राहक, जिसे आप सेवा प्रदान करने के लिए सहमति देते हैं, इस सेवा अनुबंध को लागू करेगा या अन्यथा उससे बाध्य रहेगा। पूर्वोक्त को सीमित किए बिना, आप EULA को ग्राहक की ओर से केवल उस सीमा तक स्वीकार कर सकते हैं, जिस सीमा तक ग्राहक द्वारा आपको सेवा अनुबंध में या अन्यथा स्पष्ट् रूप से अधिकृत किया गया हो। सेवा अनुबंध में: (i) इस अनुबंध के अनुसार न्यूनतम विक्रेता के हितों की सुरक्षा करने वाले प्रावधान शामिल होंगे; और (ii) आपको और विक्रेता को सेवा के संचालन में ग्राहक के डेटा, जानकारी को पुनरुत्पादित करने, संचारित करने, संग्रहीत करने और संसाधित करने का स्पष्ट अधिकार देता है।

(ख) विक्रेता और आपके बीच अनुबंध के अनुसार, आप निम्न के लिए अकेले ज़िम्मेदार होंगे: (i) सेवा अनुबंध के तहत अपने दायित्वों का निर्वहन करना, (ii) यह सुनिश्चित करना कि आप और सभी ग्राहक कर्मचारियों और अन्य तृतीय-पक्षों और उनके संगत डिवाइस के संबंध में सभी लागू कानूनों का अनुपालन करते हैं, (iii) अनुबंध द्वारा आपको और ग्राहकों को निर्दिष्ट किए गए कार्यों और दायित्वों, लागू शर्तों और दस्तावेज़ीकरण को निष्पादित करना और (iv) लागू सदस्यता अवधि की समाप्ति पर अनुबंध को समाप्त करना या ऐसे सभी डिवाइस पर इंस्टॉल सभी सॉफ़्टवेयर को निकाल देना या ग्राहक द्वारा उन्हें निकलवा देना, यह पूर्णतः आपकी जिम्मेदारी है।

14.6. आश्वासन योजना. यह खंड 14.6 आश्वासन योजनाओं पर लागू होता है।

14.6.1. “*आश्वासन योजना*” का अर्थ एक ऐसी सेवा से है, जिसके अंतर्गत विक्रेता का तकनीशियन (एक “*सहयोगी*”), किसी अलग सदस्यता शुल्क के बदले में ऐसे वायरस या अन्य मैलवेयर को निकालने में सहायता करेगा, जो सदस्यता अवधि के दौरान आपके सुरक्षित डिवाइस को संक्रमित करते हैं। आश्वासन योजनाएँ विक्रेता एंटीवायरस समाधानों या अन्य सुरक्षा समाधानों (प्रत्येक, “*सुरक्षा समाधान*”) के साथ-साथ बेचे जाते हैं, और सुरक्षा समाधान द्वारा प्रदान की जाने वाली सुरक्षाओं को पूरा करती हैं।

14.6.2. यदि आश्वासन योजना के तहत आप विक्रेता से सहायता का अनुरोध करते हैं, और यदि आप और आपका डिवाइस धारा 14.6.3 के अंतर्गत योग्य पाया जाता है, तो विक्रेता आपके डिवाइस को प्रभावित करने वाले वायरस या अन्य मैलवेयर को निकालने के लिए, वाणिज्यिक तौर पर उचित प्रयासों का उपयोग करेगा। आप एतद्द्वारा अभिस्वीकृति देते हैं, स्वीकार करते हैं और सहमति देते हैं कि संभवतः आपके डिवाइस से निश्चित वायरस या अन्य मैलवेयर निकालने के लिए विक्रेता के प्रयास पर्याप्त न हों और सेवा प्रदान करने के दौरान विक्रेता आपके डिवाइस पर मौजूद डेटा को परिवर्तित, हटा या करप्ट कर सकता, डिवाइस सेटिंग बदल सकता या अन्यथा आपके डिवाइस के उचित संचालन में हस्तक्षेप कर सकता है।

14.6.3. आश्वासन योजना में निम्न शामिल हैं: (i) केवल वह डिवाइस जिसके लिए आपने संबंधित सुरक्षा समाधान खरीदा है, और उसे किसी दूसरे डिवाइस पर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता; और (ii) आपके द्वारा उस डिवाइस पर सुरक्षा समाधान डाउनलोड करके स्थापित कर देने के बाद, सदस्यता अवधि के दौरान और नवीनतम मैलवेयर परिभाषाओं के साथ चल रहे सुरक्षा समाधान के दौरान उस डिवाइस को प्रभावित करने वाले वायरस और अन्य मैलवेयर। यदि विक्रेता को अपने व्यावसायिक निर्णय के अधीन यह लगे कि आपने एक ऐसे डिवाइस के लिए इस आश्वासन योजना के अंतर्गत सेवा का अनुरोध किया है या सेवा को प्राप्त किया है, जो इस आश्वासन योजना में शामिल नहीं है, इस आश्वासन योजना को किसी दूसरे व्यक्ति या निकाय को स्थानांतरित किया गया या स्थानांतरित करने का प्रयास किया गया है या अन्यथा आश्वासन योजना की शर्तों का उल्लंघन किया है, तो वह इस आश्वासन योजना को बिना किसी सूचना के समाप्त कर सकता है।

14.6.4. विक्रेता को, आश्वासन योजना के तहत सहायता प्रदान करने के लिए, आपके डिवाइस तक रिमोट पहुँच की आवश्यकता हो सकती है, और/या ज़रूरी हो सकता है कि आप सहायता सॉफ़्टवेयर (जैसा कि नीचे परिभाषित किया गया है) इन्स्टॉल करें, जिस स्थिति में आप स्वीकार करते और सहमत हैं कि धारा 14.8 लागू होगी। यदि आप डिवाइस पर सहायता सॉफ़्टवेयर को डाउनलोड और इन्स्टॉल नहीं कर सकते या नहीं करते हैं या विक्रेता या सहायक के अन्य निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, या यदि विक्रेता निर्धारित करता है कि आपका डिवाइस आश्वासन योजना के तहत समर्थन के लिए योग्य नहीं है, तो विक्रेता आश्वासन योजना के तहत सेवा प्रदान नहीं करेगा। विक्रेता द्वारा (लेकिन यह आवश्यक नहीं) आपको ऐसी सेवा के लिए संदर्भित कर सकता है जिसके तहत विक्रेता या उनका उप-ठेकेदार, शुल्क लेकर सहायता प्रदान कर सकता है।

14.7. प्रीमियम तकनीकी सहायता. यह धारा 14.7, Avast Total Care, AVG Premium Tech Support, AVG Go और अन्य तकनीकी सहायता सेवाओं पर (प्रत्येक, "*प्रीमियम तकनीकी सहायता*") लागू होती है, जो विक्रेता अपने सॉफ़्टवेयर समाधानों से अलग बेचता है, और जिसके माध्यम से विक्रेता आपको विविध उत्पादों और/या उपकरण या सिस्टम्स इन्स्टॉल, कॉन्फ़िगर करने या समस्या का समाधान करने में सहायता कर सकता है, जिसमें शामिल हैं PC, Mac, टैब्लेट, मोबाइल फ़ोन या कोई अन्य निजी कंप्यूटिंग डिवाइस, वायरलेस रूटर, केबल मॉडेम या अन्य रूटर, प्रिंटर, डिजिटल कैमरा, गेम कंसोल, मीडिया प्लेयर, स्मार्ट TV, DVD/ब्लू-रे प्लेयर।

14.7.1. प्रीमियम तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए सहयोगी आपके द्वारा अनुभव की जा रही समस्याओं में आपकी मदद के लिए वाणिज्यिक रूप से उचित प्रयासों का उपयोग करेगा, लेकिन बाज़ार में उपलब्ध तकनीकों की विविधता और जटिलता के कारण, सहायक आपकी समस्याओं का समाधान करने में असमर्थ हो सकता है। उदाहरण के लिए, इसमें वे समस्याएँ शामिल हो सकती हैं जो ऐसी सॉफ़्टवेयर या हार्डवेयर त्रुटियों के परिणामस्वरूप हों जिनका निर्माता द्वारा अब तक समाधान नहीं किया गया है, या उपकरण कॉन्फ़िगरेशन से जुड़ी समस्याएँ, जो सहायक के लिए समस्या का निदान या समाधान करना असंभव या अनुचित रूप से कठिन बना दे। इसके फलस्वरूप, आप एतद्द्वारा स्वीकार करते और सहमति जताते हैं कि आपके द्वारा चिह्नित समस्याओं के समाधान के लिए विक्रेता के प्रयास पर्याप्त नहीं हो सकते हैं, या कि उन मुद्दों को समयानुकूल हल नहीं किया जाएगा।

14.7.2. प्रीमियम तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए सहयोगी को आपके डिवाइस तक रिमोट पहुँच की आवश्यकता हो सकती है, और/या आपके लिए सहायता सॉफ़्टवेयर इन्स्टॉल करना ज़रूरी हो सकता

है, जिस स्थिति में आप स्वीकार करते और सहमत हैं कि धारा 14.8 लागू होगी। यदि आप डिवाइस पर सहायता सॉफ़्टवेयर डाउनलोड और इन्स्टॉल नहीं कर सकते या नहीं करते हैं या सहयोगी के अन्य निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, या यदि विक्रेता निर्धारित करते है कि आपका डिवाइस प्रीमियम तकनीकी सहायता सब्सक्रिप्शन के तहत सहायता के लिए योग्य नहीं है, तो विक्रेता द्वारा प्रीमियम तकनीकी सहायता प्रदान नहीं किया जाएगा।

14.8. रिमोट पहुँच; सहायता सॉफ़्टवेयर

14.8.1. *रिमोट पहुँच.* आश्वासन योजना के तहत विक्रेता या सहयोगी द्वारा, प्रीमियम तकनीकी सहायता प्रदान करते समय या अन्य सेवाओं के संबंध में, आपके द्वारा सामना की जा रही समस्याओं का समाधान करने के लिए आपके उपकरण से दूर से कनेक्ट करने, और उसका नियंत्रण संभालने की आवश्यकता हो सकती है। इस रिमोट कनेक्शन सत्र के संबंध में:

(क) सहयोगी को, आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यकता के अनुसार, आपके उपकरण पर विभिन्न स्क्रिप्ट चलाने, उसके कॉन्फिगरेशन में परिवर्तन करने, सॉफ़्टवेयर इन्स्टॉल या अनइन्स्टॉल करने, और उपकरण तथा/या सॉफ़्टवेयर सेटिंग्स में अन्य परिवर्तन करने की ज़रूरत हो सकती है। आप समझते हैं कि सहयोगी, आपके द्वारा सामना की जा रही समस्याओं के संबंध में आपकी मदद के लिए जहाँ ज़रूरी समझे, विभिन्न मालिकाना या तृतीय पक्ष के सॉफ़्टवेयर टूल्स इन्स्टॉल तथा हटा सकता है, लेकिन वह इसके लिए बाध्य नहीं है। ऐसे सॉफ़्टवेयर के तत्व कॉपीराइट सहित, क़ानून द्वारा संरक्षित हैं।

(ख) आप स्वीकार करते और सहमति देते हैं कि, सहयोगी को रिमोट कनेक्शन सत्र स्थापित करने के लिए अधिकृत करके, आप विक्रेता (और विक्रेता की ओर से काम करने वाले भागीदारों तथा ठेकेदारों) को आपके उपकरण, सॉफ़्टवेयर तथा नेटवर्क (आपके उपकरण, सॉफ़्टवेयर तथा नेटवर्क कॉन्फ़िगरेशन पर निर्भर करते हुए) तक संपूर्ण या सीमित पहुँच प्रदान करते हैं, और विक्रेता को ऊपर वर्णित या समाधान की डिलीवरी के दौरान सहयोगी द्वारा अन्यथा दी गई सलाह के अनुसार संशोधन करने के लिए प्राधिकृत करते हैं। आप स्वीकार करते और सहमति देते हैं कि सहयोगी, या सहयोगी के निर्देशन पर काम करने वाले आप अपने उपकरण में सॉफ़्टवेयर बदल, हटा या करप्ट कर सकते हैं, उपकरण, सॉफ़्टवेयर या नेटवर्क सेटिंग्स बदल सकते हैं, या अपने उपकरण, सॉफ़्टवेयर या नेटवर्क के उचित संचालन में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

(ग) आप स्वीकार करते और सहमति देते हैं कि सहयोगी आपके डिवाइस पर संग्रहीत किसी भी जानकारी तक पहुँच सकता है। सहयोगियों को ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए पूर्णतया आवश्यक से अधिक जानकारी तक न पहुँचने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, जिनके लिए आप सहयोगी की सहायता का अनुरोध करते हैं। फिर भी जब सहयोगी आपके उपकरण के लिए समाधान प्रदान कर रहा हो, उस समय आपको डिवाइस के स्क्रीन के समाने रहते हुए सहयोगी की कार्रवाई को देखते रहना चाहिए। आप सहयोगी को सूचित करते हुए या रिमोट कनेक्शन सत्र डिस्कनेक्ट करके किसी भी समय लाइव सपोर्ट सत्र समाप्त कर सकते हैं।

14.8.2. *सहायता सॉफ़्टवेयर.*

(क) आश्वासन योजना, प्रीमियम तकनीकी सहायता या अन्य सेवाओं के अंतर्गत सेवाएँ प्रदान करने के लिए शर्त के रूप में, हो सकता है कि विक्रेता या कोई सहयोगी आपको डिवाइस पर एक ऐसा सॉफ़्टवेयर प्रोग्राम

("*सहायता सॉफ़्टवेयर*") डाउनलोड करने और स्थापित करने के लिए कह सकता है, जो सहयोगी को आपके डिवाइस पर रिमोट पहुँच प्राप्त करने, उस डिवाइस और उसके संचालनों के बारे में जानकारी एकत्रित करने, समस्या का निदान करने और उसे ठीक करने और डिवाइस सेटिंग बदलने की अनुमति देता हो। आपके लिए विक्रेता या किसी सहयोगी द्वारा दिए जाने वाले अन्य निर्देशों का पालन करना भी आवश्यक हो सकता है।

(ख) यदि आप या सहयोगी डिवाइस पर सहायता सॉफ़्टवेयर स्थापित करते हैं, तो उस सहायता सॉफ़्टवेयर के लिए:

(I) ज़रूरी हो सकता है कि उसे आप अपने डिवाइस पर सक्रिय करें। यदि आप सहयोगी द्वारा अनुरोध की गई समयावधि में या सहायता सॉफ़्टवेयर द्वारा प्रॉम्प्ट किए गए अनुसार सक्रियण प्रक्रिया को पूरा नहीं करते हैं, तो संभवतः सक्रियण पूरा होने तक सहायता सॉफ़्टवेयर काम नहीं करेगा।

(ii) विक्रेता (या उसके भागीदार या ठेकेदार) के सर्वरों पर नियमित रूप से संप्रेषित कर सकता है ताकि (i) सुनिश्चित हो सके कि आपके समाधान के हिस्से के रूप में आप जिन सेवाओं तथा सॉफ़्टवेयर के लिए योग्य हैं, वे सभी आपको प्राप्त हों, (ii) आपको अपने समाधान के हिस्से के रूप में तुरंत सहयोगी के साथ चैट सत्र लॉन्च करने में सक्षम करे, या (iii) आपके समाधान के हिस्से के रूप में कुछ स्वयं-सेवा टूल्स तक आपको पहुँच प्रदान करे।

(iii) संभव है डिफ़ॉल्ट के रूप में आपके डिवाइस पर लगातार चले और विभिन्न पृष्ठभूमि कार्य निष्पादित करे जो आपके डिवाइस को कार्यशील स्थिति में बनाए रखने में सहायता करती हैं। चालू स्थिति में, वह आपके डिवाइस से संबंधित विभिन्न डेटा संग्रहीत कर सकता है, जिसमें शामिल हैं उसके तकनीकी विनिर्देश, उसके ऑपरेटिंग सिस्टम, डॉउनलोड की गई और/या स्थापित सॉफ़्टवेयर, अपडेट और अपग्रेड के बारे में जानकारी, आपके सुरक्षा सॉफ़्टवेयर, बैकअप तथा फ़ायरवॉल की उपलब्धता और स्थिति, विभिन्न अद्वितीय पहचानकर्ता, सिस्टम तथा सॉफ़्टवेयर त्रुटि संदेश, नेटवर्क कनेक्शन स्थिति, कनेक्ट किए गए पेरिफ़ेरल तथा अन्य कनेक्टेड डिवाइस, और इसी प्रकार की जानकारी व डेटा। यह जानकारी आपके द्वारा सामना की जा रही कई सामान्य समस्याओं की रोकथाम में विक्रेता की मदद कर सकती है, और साथ ही उन समस्याओं को शीघ्र पहचाना जा सकता है जिनके लिए हो सकता है आप विक्रेता की सहायता का अनुरोध कर रहे हों।